an>

Title: Regarding maintenance and repair of Udaipur-Khairwada section of N.H.8 in Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर):महोदय, राÂट्रीय राजमार्ग संख्या 8 दिल्ली से हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराÂट्र राज्यों से गुजरता है। मेरे लोक सभा क्षेत्र उदयपुर से गुजरात सीमा के रतनपुर जिला डूंगरपुर तक के गुजरने वाले इस राÂट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक का दबाव भारी संख्या में रहता है। इस कारण से इस मार्ग पर लगभग दो-दो फिट के गड्डे पड़े हुए हैं। इसकी वजह से प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती हैं और जनहानि होती रहती है। पिछले कई वÂाोंं से इस मार्ग पर टोल शुल्क वसूला जाता है, परन्तु इसकी एवज में इस मार्ग की देखरेख और मरम्मत का कार्य नहीं करवाया जा रहा है।

अतः मैं सरकार से माँग करता हूँ कि अतिशीघ्र उदयपुर से रतनपुर जिला डूंगरपुर तक गुजरने वाले राÂट्रीय राजमार्ग संख्या 8 की मरम्मत कराने की कृपा करें, जिससे दुर्घटना एवं जनहानि रोकी जा सके। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Bhairon Prasad Mishra, Kunwar Pushpendra Singh, and Shri P.P. Chaudhary are permitted to associate with the issue raised by Shri Arjun Lal Meena.